University in News on 16 June 2024

A++ by NAAC

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

पूर्व कुलपति के निधन पर दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। लविवि के कुलपति रहे प्रो. केके कौल (86) का शनिवार को ब्रेन स्ट्रोक से निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे विवि में शोक लहर दौड़ गई। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने निधन पर दुख जताते हुए मंथन हॉल में शोक सभा का आयोजन किया। यहां सभी शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रो. कौल को श्रद्धांजलि दी। विवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रो. केके कौल का जन्म पाकिस्तान के लाहौर शहर में हुआ था। वह अपनी उच्च शिक्षा के लिए लखनऊ विवि आए थे, फिर यहीं के होकर रह गए। 1988 में उन्होंने विवि में रीडर पद पर जॉइन किया। इसके बाद 1997 में प्रोफेसर हुए और 1998 में उन्हें कुलपति पद की जिम्मेदारी दी गई। वह अपने पीछे पत्नी गायत्री कौल और पुत्री एकी कौल को छोड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरे विवि की संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। (संवाद)

ताजिकिस्तान दूतावास के प्रभारी पहुंचे लविवि

लखनऊ। ताजिकिस्तान दूतावास के प्रभारी हबीबुलो मिर्जोजदा शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने विवि की ऐतिहासिक इमारतों व अन्य स्थानों का भ्रमण किया। इसके साथ ही विवि में विभिन्न पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे ताजिकिस्तान के छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने कुलपति प्रो. आलोक कुमार से भी मुलाकात कर दोनों देशों के बीच शैक्षणिक संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया। इस दौरान प्रो. आरपी सिंह व विद्यार्थी उपस्थित रहे। (संवाद)



NBT PAGE 4

ताजिकिस्तान दूतावास प्रभारी ने किया LU का दौरा

■ एनबीटी सं, लखनऊः भारत में ताजिकिस्तान दूतावास के प्रभारी हबीबुलो मिर्जोजदा ने शनिवार को एलयू कैंपस का दौरा किया। उन्होंने एलू में पढ़ रहे ताजिकिस्तान के स्टूडेंट्स से भी मुलाकात की। एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय से मुलाकात कर अकादमिक सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की।

लखनऊ विश्वविद्यालय

पूर्व कुलपति केके कौल का निधन

■ एनबीटी सं., लखनऊः एलयू के पूर्व कुलपति और पाश्चात्य इतिहास के रिटायर्ड प्रो. केके कौल का शुक्रवार देर रात ब्रेन स्ट्रोक से निधन हो गया। उनके परिवार में अपने पीछे पत्नी डॉ. गायत्री कौल और बेटी डॉ. एकी कौल हैं। उनके निधन पर शनिवार को मंथन हॉल में वीसी प्रो.आलोक कुमार राय समेत कई शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। वीसी ने बताया कि प्रो. केके कौल का जन्म 29 जनवरी 1938 को पाकिस्तान के लाहौर में हुआ था। उन्होंने एलयू से पढ़ाई की और पीएचडी के बाद अक्टूबर 1971 में शोध सहायक के रूप में शैक्षणिक जीवन शुरू किया। एलयू में ही प्रवक्ता के तौर पर सेवा देने के बाद नवंबर 1988 में रीडर बने, फिर साल 1998 में प्रफेसर पद पर रहते हुए एलयू कुलपति बने।

HINDUSTAN PAGE 8

एलयू में पूर्व कुलपति केके कौल के निधन पर शनिवार को श्रद्धांजलि सभा हुई।

एलयू के पूर्व कुलपति केके कौल का निधन

लखनऊ। एलयू के पूर्व कुलपति प्रो. केके कौल का निधन हो गया। सभी शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारियों ने दो मिनट मौन का रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। एलयू में पाश्चात्य इतिहास के रिटायर्ड प्रोफेसर और पूर्व कुलपति प्रो. केके कौल का निधन शुक्रवार देर रात को ब्रेन स्ट्रोक के कारण शुक्रवार को हो गया। वह अपने पीछे पत्नी डॉ. गायत्री कौल और पुत्री डॉ. एकी कौल को छोड़ गए हैं। शनिवार को मंथन हॉल में कुलपति ने श्रद्धांजलि सभा रखी।

एलयू कर्मचारी बना रहें योग अभियान को सफल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद ने शनिवार को विश्वविद्यालय के सभी संकायों, विभागों और संस्थानों में जाकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए अपील की। कर्मचारियों और उनके परिवारीजनों से अनुरोध किया कि बढ़चढ़ कर योग दिवस के मौके पर एलयू में कार्यक्रम में हिस्सा लें। कर्मचारी परिषद के महामंत्री संजय शुक्ला ने गवर्नर आनंदीबेन पटेल की ओर से जारी संकल्प अभियान के प्रति आभार प्रकट किया।

HT PAGE 3

Habibullo Mirzazada at LU

TAJIKISTAN CHARGE D' AFFAIRES VISITS LU

LUCKNOW: Habibullo Mirzazada, charge d' affaires of the Embassy of Tajikistan in India, visited the Lucknow University campus on Saturday. He toured the campus and also met Tajikistan students studying at the university.

The International Cell of Lucknow University had organised the visit and the meeting. Habibullo Mirzazada addressed the students of Tajikistan and wished them a bright future.

Lucknow University has a large number of students from Tajikistan. Mirzazada also met LU vice chancellor prof Alok Kumar Rai and discussed the possibilities of academic collaboration. HTC

i-NEXT PAGE 3

एलयू के पूर्व वीसी प्रो. केके कौल का निधन

एलयू के पूर्व वीसी का शुक्रवार देर रात हुआ निधन

LUCKNOW (15 JUNE): लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व वीसी प्रो. केके कौल (87) का शुक्रवार देर रात ब्रेन स्ट्रोक से निधन हो गया. पुणे के एक अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली. शनिवार को विश्वविद्यालय के मंथन हाल में हुई शोक सभा में वीसी प्रो. आलोक कुमार राय, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी.कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष राकेश यादव ने बताया कि प्रो. कौल का जन्म 29 जनवरी 1938 को पाकिस्तान के लाहौर में हुआ था. वह 1961 में एलयू से स्नातक की पढ़ाई करने आए, पीजी व पीएचडी की भी डिग्री ली. अक्टूबर 1971 में पाश्चात्य इतिहास विभाग में शोध सहायक बने. प्रवक्ता के रूप में सेवा देने के बाद नवंबर 1988 में रीडर बन गए.

TOI PAGE 4

Wake-up call: Climate change, heatwaves and encroachment

Prof Dhruv Sen Singh

Climate change and global warming are among the greatest threats to planet earth. The rapidly changing sea and land surface temperatures have resulted in extreme weather conditions and climate change which have created unease among the people.

Temperatures in central parts of dense cities like Lucknow can be several degrees higher than surrounding areas. Higher temperatures in urban areas occur due to absorption, radiation and heat generation from concrete and stone built up areas. All the factors which cause a dip in temperature (forest, water bodies, land area, grassland, and moisture) are decreasing and concrete and constructions which lead to rise in temperature due to retention and radiation are increasing in the urban areas.

Extreme hot days (heatwave) in the northern plains of India, including Uttar Pradesh, have made people's lives uncomfortable. Heatwave is generated when the maximum temperature reaches at least 40 degrees Celsius or more for more than two days.

Heatwave may lead to water shortage and increased stress on plants which forms the basis of energy production and food chain. It increases energy cost, air pollution and may cause illness and mortality. The intensity of the heatwave is increasing every year.

There are two types of temperatures – one that is real as measured by thermometer and the other is effective which is the one we feel. A few decades ago, 40 degrees Celsius was not very unbearable and unpleasant as it is today. This was because there were water bodies, dense vegetation, sufficient soil cover, low concrete area, normal lifestyle, and lower UV radiation.

Solar radiation was absorbed by soil cover, and used by vegetation for photosynthesis and transpiration, and water bodies for evaporation. The increase in concrete area reflects heat and further adds to effective temperature.

The present lifestyle is also an important factor. Our rooms, offices, and cars have air-conditioners with maximum temperature being around 25 degrees Celsius while the temperature outside is 40 degrees Celsius. Therefore, the variation is high and when we move out, the difference of 15 degrees Celsius is tough to adapt. Earlier, rooms and offices had the normal temperature of about 37 degrees Celsius (body temperature). When we moved outside, the variation was low, which we didn't feel much. Also, the hot air that ACs emit adds to heat.

This year, the westerlies and decrease in moisture are common which are responsible for heat. It has also been found that UV (ultra-violet) radiation is higher than normal which is adding to the summer heat. The change in land surface temperature reduces moisture. The El-Nino (the warm current originating at Peru coast in South America) was active which, on the one side increases the intensity of heatwave and weakens and delays monsoon in plains.

Certain steps are required to get relief from the scorching heat. Cities should be well planned with proper water bodies, vegetation, soil cover and low concrete area. The use of plaster and tiles on both sides of the road should be checked and afforestation should be encouraged. Better planned cities combat the impact of climate change and govt authorities should encourage it.

Nature provides us free air, water and soil, without which we cannot survive. Therefore, it is our duty and moral responsibility to work for conservation and sustainable development so that we can hand over a clean and green earth to future generations.

(The author is head, department of geology, University of Lucknow. He was a member of the first Indian expedition to the Arctic (North Pole region) and recipient of National Geoscience Award by GoI, and Vigyan Ratna, Shikshak Shree and Saraswati Samman by Govt of UP)



BY INVITATION

Former VC, who had roots in Pak & heart in LU, passes away

Times News Network

Lucknow: His roots were in Pakistan but his heart was all for the Lucknow University. It was his simplicity that won everyone's heart, be it a student or a gardener on the campus.

Former LU vice-chancellor and a professor of western history, **Prof KK Kaul** (86), passed away in Pune following a brain stroke on Saturday.

To pay respect to Prof Kaul, a condolence meeting was held at LU which was attended by teachers, officials and non-teaching staff. He is survived by his wife Dr Gayatri Kaul and daughter Dr Eki Kaul.

Born on Jan 29, 1938, in Lahore (Pakistan), Prof Kaul received his higher education from LU. After completing PhD, he started his academic career as a research assistant in Oct 1971. After serving as a lecturer, he became a reader in Nov 1988 and then a professor. He served as the vice-chancellor in 1998.

Even after taking over as the VC, he would come to the campus on a bicycle to take classes and perform his administrative duties.

Former LU VC Prof Roop Rekha Verma, who took charge after Prof Kaul, said: "He was a very happy-go-lucky man and a true gentleman. He used to come to LU on a bicycle."

Prof Kaul's student and a professor in western history department, Prof Archana Tewari, said, "Prof Kaul will always be remembered for his wonderful nature. He was very fond of cricket and used to encourage us to play. He was popular among students not only as a fantastic teacher but also as a man with a good dressing sense."

"Prof Kaul was not just loved by students and his colleagues but also by non-teaching employees of the university. He was an avid reader, researcher and a dedicated teacher," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

During the condolence meeting, non-teaching employees Rakesh Yadav and Rinku Rai, who worked in LU during Prof Kaul's tenure, paid tribute to him.

JAGRAN CITY PAGE III

लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. केके कौल का निधन

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. केके कौल (87) का शुक्रवार देर रात ब्रेन स्टोक की वजह से निधन हो गया। पुणे के एक हास्पिटल में उन्होंने अंतिम सांस ली। शनिवार को विश्वविद्यालय के मंथन हाल में हुई शोक सभा में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

प्रो. केके कौल

लवि कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष राकेश यादव ने बताया कि प्रो. कौल का जन्म 29 जनवरी 1938 को पाकिस्तान के लाहौर में हुआ था। वह वर्ष 1961 में लवि से स्नातक की पढ़ाई करने आए। परास्नातक व पीएच.डी की भी डिग्री ली। अक्टूबर 1971 में पाश्चात्य इतिहास विभाग में शोध सहायक बने। प्रवक्ता के रूप में सेवा देने के बाद नवंबर 1988 में रीडर बन गए। वर्ष 1997 में प्रोफेसर के पद पर कार्य करते हुए प्रति कुलपति और 1998 में कुलपति बने। प्रो. केके कौल साइकिल से कैंपस आते थे। उनके परिवार में पत्नी डा. गायत्री कौल और बेटी डा. एकी कौल जेनेवा फार्मास्यूटिकल कंपनी, पुणे में सहायक महाप्रबंधक हैं।

बीटेक व एमबीए के परीक्षा परिणाम जारी

जासं • लखनऊ : लवि ने शनिवार शाम को एम.बी.ए और बी.टेक सम सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए। एम.बी.ए द्वितीय, बी.टेक सिविल इंजीनियरिंग, बी.टेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग-आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बी.टेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, बी.टेक इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और बी.टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग छठे सेमेस्टर के परिणाम शामिल हैं।

संकल्प अभियान में शामिल होने की अपील

जासं • लखनऊ : लवि कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष राकेश यादव व महामंत्री संजय शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के संबंध में जारी संकल्प अभियान में संकायों, विभागों और संस्थानों के कर्मचारियों एवं उनके परिवारीजन से शामिल होने की अपील की है। शनिवार को लवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने भी इसमें सहभागिता करके सफल बनाने की शुभकामनाएं दीं।

PIONEER PAGE 3

ताजिकिस्तान दूतावास के प्रभारी ने किया लविवि का दौरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारत में ताजिकिस्तान दूतावास के प्रभारी हबीबुलो मिर्ज़ोज़दा ने शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर का दौरा किया। उन्होंने परिसर का भ्रमण किया और लखनऊ विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे ताजिक छात्रों से मुलाकात भी की। विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय प्रकोष्ठ ने इस मुलाकात और भ्रमण का आयोजन किया। हबीबुलो मिर्ज़ोज़दा ने ताजिकिस्तान के छात्रों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय में बड़ी संख्या में ताजिकिस्तान के छात्र हैं, जो विभिन्न संकायों में नामांकित हैं, और यूजी से लेकर पीएचडी तक के पाठ्यक्रम कर रहे हैं। हबीबुलो मिर्ज़ोज़दा ने कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रो आलोक कुमार राय से मुलाकात की और अकादमिक सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की।

पूर्व कुलपति के निधन पर शोक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. केके कौल (सेवानिवृत्त) के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया है। कुलपति कार्यालय के मंथन हाल में आयोजित शोक सभा में बड़ी संख्या में शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया फिर दो मिनट का मौन रखकर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। बता दें कि स्व प्रो. कौल का जन्म 29 जनवरी 1938 को पाकिस्तान के लाहौर शहर में हुआ था। प्रो कौल ने अपनी उच्च शिक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय से ग्रहण की थी। पीएचडी पूर्ण करने के पश्चात अक्टूबर 1971 में एक शोध सहायक के रूप शैक्षणिक जीवन की शुरुआत की। लखनऊ विश्वविद्यालय में ही प्रवक्ता के रूप में सेवा देने के बाद नवंबर 1988 में रीडर बन गए। वर्ष 1997 में प्रोफेसर के पद पर कार्य करते हुए 1998 में उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति के पद को सुशोभित किया और अपनी सेवा दिया। अपने पीछे पत्नी डॉ. गायत्री कौल एवं पुत्री डॉ. एकी कौल को छोड़ कर गए हैं। यह सभा से ईश्वर से प्रार्थना करती है कि स्व प्रो. केके कौल की दिवंगत आत्मा को शांति को प्रदान करे तथा पारिवर को यह अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

पूर्व कुलपति केके कौल का निधन

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. केके कौल का वीती रात निधन हो गया। कुलपति कार्यालय के मंथन हाल में आयोजित शोकसभा में वड़ी संख्या में शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया, फिर दो मिनट का मौन रखकर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

कुलपति कार्यालय के मंथन हाल में शोकसभा

स्व. प्रो. केके कौल का निधन 14 जून की रात को ब्रेन स्टोक से हो गया है। प्रो. कौल का जन्म 29 जनवरी 1938 को पाकिस्तान के लाहौर शहर में हुआ था, प्रो. कौल ने अपनी उच्च शिक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय से ग्रहण की थी। पीएचडी पूर्ण करने के पश्चात अक्टूबर 1971 में एक शोध सहायक के रूप शैक्षणिक जीवन की शुरुआत की। लखनऊ विश्वविद्यालय में ही प्रवक्ता के रूप में सेवा देने के बाद नवंबर 1988 में रीडर बन गए। 1997 में प्रोफेसर के पद पर कार्य करते हुए 1998 में उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति के पद को सुशोभित किया। वह अपने पीछे पत्नी डॉ. गायत्री कौल एवं पुत्री डॉ. एके कौल को छोड़ कर गए है।

AMRIT VICHAR PAGE 8

कर्मचारियों को प्रमाण पत्र देते लविवि कुलपति। अमृत विचार

योग संकल्प के समर्थन में उतरा कर्मचारी संगठन

अमृत विचार, लखनऊ : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संकल्प अभियान के समर्थन में लखनऊ विश्वविद्यालय के कर्मचारी परिषद ने पहल की है। इसको लेकर कुलपति ने कर्मचारियों को प्रमाण पत्र देते हुए प्रोत्साहित किया है। कर्मचारी परिषद के महामंत्री संजय शुक्ला ने इस सार्थक पहल के लिए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का अभार व्यक्त किया। उधर, योग के समर्थन में डाउनलोड किये गए प्रमाण पत्र को कुलपति ने कर्मचारियों को देकर प्रोत्साहित किया।

लविवि में मौजूद ताजिकिस्तान दूतावास के प्रभारी व अन्य। अमृत विचार

ताजिकिस्तान दूतावास प्रभारी ने किया लविवि का दौरा

अमृत विचार, लखनऊ :भारत में ताजिकिस्तान दूतावास प्रभारी ने शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान लविवि में विभिन्न पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे ताजिक छात्रों से मुलाकात भी की। लखनऊ विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय प्रकोष्ठ ने इस मुलाकात और भ्रमण का आयोजन किया। ताजिकिस्तान दूतावास प्रभारी हबीबुलो मिर्जोजदा ने ताजिकिस्तान के छात्रों से मिलकर उन्हें प्रोत्साहित किया। इसके बाद दूतावास प्रभारी और लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के बीच देर तक विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा भी हुई।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लविवि कर्मचारी परिषद की पहल को कुलपति ने सराहा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राज्यपाल की पहल पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के संबंध में जारी संकल्प अभियान के समर्थन में लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद की पहल में शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने भी सहभागिता की और इसके सफल होने की शुभकामनाएं दी।

लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद इस संबंध में विश्वविद्यालय के सभी संकायों, विभागों और संस्थानों में जाकर कर्मचारीगण एवं उसके परिजनों से इसमें शामिल होने की अपील करने के साथ ही अपनी जीवन शैली में योग को अपनाने का संकल्प दिला रहा है। कर्मचारी परिषद के महामंत्री संजय शुक्ला ने इस सार्थक पहल के लिए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इससे लोगों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और यह पहल मिलना पत्थर साबित होगी। कर्मचारी परिषद अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने कहा कि कुलपति के नेतृत्व में चल रहे इस सकारात्मक अभियान को सफल बनाने में समस्त कर्मचारी समुदाय अपना पूर्ण योगदान देगा।

नहीं रहे लविवि के पूर्व कुलपति प्रो. केके कौल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. केके कौल (सेवानिवृत्त) आकस्मिक निधन पर शनिवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया है। कुलपति कार्यालय के मंथन हाल में आयोजित शोक सभा में बड़ी संख्या में शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया। फिर दो मिनट का मौन रखकर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

लखनऊ विश्वविद्यालय परिवार की यह शोक प्रो.केके कौल (सेवानिवृत्त) प्रोफेसर, पाश्चात्य इतिहास एवं कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के आकस्मिक निधन पर आयोजित की गई है। स्व. प्रो. केके कौल का आकस्मिक निधन बीते शुक्रवार 14 जून की रात को ब्रेन स्टोक से हो गया है। स्व. प्रो. कौल का जन्म 29 जनवरी 1938 को पाकिस्तान के लाहौर शहर में हुआ था. प्रो कौल ने अपनी उच्च शिक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय से ग्रहण की थी। पीएचडी पूर्ण करने के बाद अक्टूबर 1971 में एक शोध सहायक के रूप शैक्षणिक जीवन की शुरूआत की। लखनऊ विश्वविद्यालय में ही प्रवक्ता के रूप में सेवा देने के बाद नवंबर 1988 में रीडर बन गए। वर्ष 1997 में प्रोफेसर के पद पर कार्य करते हुए 1998 में उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति के पद को सुशोभित किया और अपनी सेवा दिया। अपने पीछे पत्नी डॉ. गायत्री कौल एवं पुत्री डॉ. एकी कौल को छोड़कर गये हैं। शोकसभा में ईश्वर से प्रार्थना की गयी कि स्व. प्रो. केके कौल की दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे तथा पारिवर को यह अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। इस पर लविवि कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष राकेश यादव ने कहा कि प्रो. केके कौल जैसा व्यक्तित्व ज्ञान का भण्डार होने के साथ सरल व्यवहार के थे। उन्होंने सदा छात्र, शिक्षक और कर्मचारी हित की बात की और बतौर कुलपति सभी का ध्यान रखा। उनके नेतृत्व में लखनऊ विश्वविद्यालय ने निरन्तर प्रगति की।

LOKSATYA PAGE 3

नहीं रहे एलयू के पूर्व कुलपति प्रो केके कौल

स्मृतिशेष

● लखनऊ विश्वविद्यालय में हुई शोक सभा

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. केके कौल (सेवानिवृत्त) के आकस्मिक निधन पर उनके प्रशंसकों ने गहरा शोक जताया। कुलपति कार्यालय के मंथन हाल में शोक सभा में बड़ी संख्या में शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। लखनऊ विश्वविद्यालय परिवार की यह शोक प्रो.केके कौल (सेवानिवृत्त) प्रोफेसर, पाश्चात्य इतिहास एवं कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के आकस्मिक निधन पर आयोजित की गई है। प्रो. केके कौल का आकस्मिक निधन 14 जून की रात को ब्रेन स्टोक से हो गया। उनके परिवार में पत्नी डॉ. गायत्री कौल व बेटी डॉ. एकी कौल हैं। सभी शिक्षकों ने प्रो. केके कौल के निधन पर गहरा शोक जताया, श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रो. कौल का जन्म 29 जनवरी 1938 को पाकिस्तान के लाहौर शहर में हुआ था। प्रो कौल ने अपनी उच्च शिक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय से ग्रहण की थी। पीएचडी पूर्ण कर अक्टूबर 1971 में उन्होंने शोध सहायक के रूप शैक्षणिक जीवन की शुरुआत की। लखनऊ विश्वविद्यालय में ही प्रवक्ता के रूप में सेवा देने के बाद नवंबर 1988 में रीडर बन गए। वर्ष 1997 में प्रोफेसर के पद पर कार्य करते हुए वर्ष 1998 में उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति के पद को सुशोभित किया और अपनी सेवाएं दीं।